तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

रूपान्तरित शिक्षण, समृद्ध अधिगम:

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह स्मारिका

के.वि.सं.
में
व्यावसायिक अधिगम सशक्तता

संकल्पना से सृजनात्मकता तक: शिक्षक प्रशिक्षण की नई परिभाषा

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह का उद्घाटन संबोधन

प्रशिक्षण और निरंतर विकास, के.वि.सं. की उत्कृष्ट उपलब्धि का मुख्य आधार हैं। बदलती दुनिया के साथ हमारे शिक्षक लगातार नई चीज़ें सीख रहे हैं। वे आपस में मिलकर, सोच-विचार कर और नये तरीकों को अपनाकर ऐसी शिक्षण पद्धतियाँ बना रहे हैं, जो सभी के लिए उपयोगी, प्रभावी और लंबे समय तक चलने वाली हैं।

जैसे-जैसे शिक्षा में तकनीक और एआई की भूमिका बढ़ रही है, के.वि.सं. के शिक्षक मजबूत मार्गदर्शक के रूप में विद्यार्थियों का हर पहलू से मार्गदर्शन कर रहे हैं। एनईपी 2020 के अनुरूप, संगठन आनंदमय, समावेशी और कौशल-आधारित कक्षाएँ विकसित कर रहा है। SAFAL और PARAKH से मिली समझ के आधार पर विशेष रूप से बुनियादी भाषा, गणना और मूल्यांकन के क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ये सुधार लंबे समय तक टिके रहें और पूरे सिस्टम में इन्हें आसानी से लागू किया जा सके।

विद्यालयों में क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें समावेशी शिक्षण, कला, खेल आधारित शिक्षण और व्यावसायिक शिक्षा पर ज़ोर दिया जाता है। इससे शिक्षक आधुनिक तरीकों से सीखते रहते हैं और इन्हें पूरे सिस्टम में प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है।

प्रशिक्षण और विकास सप्ताह को नवाचार प्रदर्शित करने, सहकर्मी शिक्षण को बढ़ावा देने और प्रशिक्षण को प्रभावी व स्थायी कक्षाओं में बदलने के उद्देश्य से एक सशक्त मंच के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को मैं हार्दिक बधाई देती हूँ, जिनकी निष्ठा विद्यार्थियों के सीखने को समृद्ध बनाती है और पूरे के.वि.सं. परिवार को प्रेरणा देती है।

प्राची पांडे
उपाध्यक्ष, के. वि. सं.
एवं
संयुक्त सचिव, डीओएसईएल

संदेश

शिक्षा व्यवस्था तभी प्रगति करती है जब शिक्षक निरंतर सीखते हैं, पुराने दृष्टिकोणों का त्याग करते हैं और नए तरीकों को अपनाते हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन में व्यावसायिक विकास केवल एक एकल आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जो प्रत्येक स्तर पर कक्षा-शिक्षण और नेतृत्व को सुदृढ़ बनाती है। इस स्मारिका में संकलित पहलें हमारे सभी क्षेत्रीय कार्यालयों एवं ज़ीईट्स द्वारा शिक्षार्थियों की बदलती आवश्यकताओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विचारपूर्वक तैयार किए गए उद्देश्यपूर्ण एवं अभ्यास-केन्द्रित कार्यक्रमों का जीवंत प्रतिबिंब हैं।

इस वर्ष अक्टूबर में आयोजित प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह ने इस मिशन में नई ऊर्जा का संचार किया है। यह सप्ताह राष्ट्रव्यापी स्तर पर चिंतन, नवाचार तथा उत्कृष्ट शिक्षण–अध्यापन पद्धतियों के आदान–प्रदान के लिए एक समान मंच प्रदान करता है। इससे ऐसे व्यावसायिक शिक्षण समुदायों का निर्माण हुआ है, जो मिलकर सोचते हैं, अनुभव साझा करते हैं और निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं।

मैं सभी प्रशिक्षकों, मार्गदर्शकों तथा सहभागी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। आशा है कि यह संकलन निरंतर सुधार की भावना को प्रेरित करेगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी को पुनः दृढ़ बनाएगा।

विकास गुप्ता, *भा.प्र.से.*
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

संदेश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कार्यान्वयन के उपरांत शिक्षण–अधिगम परिदृश्य में अभूतपूर्व और गुणात्मक परिवर्तन परिलक्षित हुआ है। शिक्षण की परंपरागत सीमाओं से आगे बढ़ते हुए आज कक्षाएँ नवीन कार्यविधियों, अभिनव शैक्षिक अभ्यासों तथा तकनीकी प्रयोगों के माध्यम से सशक्त और जीवंत अधिगम–केंद्रों के रूप में विकसित हो चुकी हैं। इस परिवर्तन की धुरी हमारे शिक्षक हैं—जिन्होंने निरंतर सीखते हुए स्वयं को पुनर्परिभाषित किया है और नये शैक्षिक मानकों के अनुरुप अपने कौशल का उन्नयन किया है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शिक्षक सशक्तिकरण के लिए व्यापक स्तर पर क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संचालन किया जाता रहा है, जिनके माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, डिजिटल उपकरणों और नवोन्मेषी अध्यापन शैलियों से परिचित कराया गया है । परिणामस्वरूप कक्षाओं में रचनात्मकता, सहभागिता और अनुभवजन्य अधिगम का वातावरण विकसित हुआ है—जहाँ विद्यार्थी केवल ज्ञान का उपभोग नहीं, बल्कि खोज, प्रयोग और सृजन की प्रक्रिया के सहभागी बन रहे हैं।

इन्हीं उत्कृष्ट प्रयासों के सम्मान और प्रेरणा के उद्देश्य से 'प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह' का आयोजन किया गया, जो शिक्षकों की साधना, समर्पण और नवाचार का उत्सव है। इस अवसर पर शिक्षकों ने अपनी सर्वोत्तम शैक्षिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं—आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान (FLN) पाठ–योजना, नवाचारी शिक्षण–विधियाँ, समावेशी पाठ–योजना तथा कला–एकीकृत शिक्षण—के माध्यम से अपनी सृजनशीलता और दक्षता का परिचय दिया।

यह स्मारिका उन्हीं प्रेरक प्रयासों का सार है, जो न केवल श्रेष्ठ शैक्षिक अनुभवों का संकलन प्रस्तुत करती है, बल्कि भावी पीढ़ी के शिक्षकों को नवाचार की राह पर अग्रसर होने की प्रेरणा भी देती है।

सभी प्रतिभागी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ और आयोजक दल को इस सार्थक पहल के लिए बधाई।

शुभकामनाओं सहित

चंदना मण्डल
अपर आयुक्त (शैक्षणिक)

शिक्षा केवल सूचना का आदान–प्रदान नहीं, बल्कि व्यक्ति की संवेदना, विवेक और दृष्टि का विस्तार है। यह अतीत के अनुभवों से वर्तमान को समझने और भविष्य को आकार देने की प्रक्रिया है। जब दुनिया नई तकनीकों, नई सोच और नई चुनौतियों के साथ निरन्तर बदल रही है, तब शिक्षण–प्रक्रिया का भी उतना ही जाग्रत और प्रासंगिक होना आवश्यक है। इस परिवर्तनशील परिदृश्य में शिक्षक का अद्यतन रहना एक विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को केवल नए तकनीकों से परिचित नहीं कराते हैं , बल्कि उन्हें नवाचार अपनाने, प्रयोग करने और आत्मावलोकन की संस्कृति विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। ये कार्यक्रम शिक्षण को एक जीवंत अनुभव में बदल देते हैं, जहाँ सीखना बोझ नहीं, खोज बन जाता है। प्रशिक्षण शिक्षक को अधिक आत्मविश्वासी, सक्षम और दूरदर्शी बनाता है। ये कार्यक्रम विषय-बोध को गहराते हैं और कक्षा को प्रयोगशाला में बदलने की दृष्टि प्रदान करते हैं, जहाँ जिज्ञासा, संवाद और शोध का वातावरण बनता है। प्रशिक्षण शिक्षकों को बदलती शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरुप ढलना सिखाता है और उन्हें आत्मविश्वास तथा प्रवीणता के साथ आगे बढ़ने की शक्ति देता है। यही निरंतर अधिगम शिक्षकों को समय की मांगों पर खरा उतरने वाला प्रभावी मार्गदर्शक बनाता है।

मुझे विश्वास है कि हमारे शिक्षकों का क्षमता संवर्धन ही केंद्रीय विद्यालय संगठन की आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की दिशा तय करेगा।। वर्तमान में किया गया समर्पित निवेश ही कल की सशक्त, संवेदनशील और सक्षम शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला बनेगा।

शुभकामनाओं सहित

नगेंद्र गोयल
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)

विषय-सूची

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह का उद्घाटन संबोधन 3

आयुक्त का संदेश........ 4

अपर आयुक्त का संदेश 5

संयुक्त आयुक्त का संदेश 5

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, प्रशिक्षण विभाग: पृष्ठभूमि 7

- के.वि.सं. में प्रशिक्षण का इतिहास
- के.वि.सं. प्रशिक्षण विभाग की दृष्टि एवं मिशन
- के.वि.सं. में प्रशिक्षण का विकास – समयरेखा
- प्रशिक्षण विभाग की संरचना एवं प्राधिकार-क्षेत्र

के.वि.सं. में प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास का मार्गदर्शन करने वाले प्रमुख विषय

के.वि.सं. प्रशिक्षण व्यवस्था का समग्र अवलोकन........ 13

- आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
- वर्ष 2025–26 में आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (ज़ीट) का संक्षिप्त परिचय

विशेष फीचर : प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह 16

- प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह: के.वि.सं. की प्रशिक्षण यात्रा का स्वाभाविक विस्तार
- प्रशिक्षण की विरासत जिसने टी एंड डी सप्ताह को आकार दिया

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह की प्रमुख गतिविधियाँ एवं आयोजन 20

- कला-समेकित(Samriddhi) प्रतियोगिताएँ
- आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान पाठ-योजना
- समावेशी (Inclusive) पाठ योजना
- नवाचारी शिक्षण-पद्धतियाँ
- वेबिनार

ज़ीट निदेशकों की अभिव्यक्तियाँ 26

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह: शिक्षकों की प्रतिपुष्टि 27

प्रशिक्षण विभाग के अन्य आयाम........ 28

- के.वि.सं. में प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (TNA)
- के.वि.सं. (KVS) में अल्पावधि कोर्स
- विद्यार्थी सहायता सामग्री
- के.वि.सं. में शोध द्वारा रूपांतरण
- शिक्षक-सहायक सामग्री एवं प्रशिक्षण पुस्तिकाओं/मॉड्यूलों का निर्माण

उत्कृष्टता का संकलन, नवाचार का प्रस्तुतीकरण........ 33

- प्रशिक्षण प्रभाग: प्रदर्शनी

आभार 35

केंद्रीय विद्यालय संगठन, प्रशिक्षण विभाग पृष्ठभूमि

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रशिक्षण का इतिहास

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास की अवधारणा 1960 के दशक से ही इसकी कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला शिक्षक हैं—इस तथ्य को स्वीकार करते हुए, केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 1979 ई. में संगठित सेवाकालीन प्रशिक्षिण कार्यक्रम आरंभ किया। इस दो सप्ताह के सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम ने केंन्द्रीय विद्यालय संगठन की सर्वव्यापी क्षमता-विकास प्रणाली में सुदृढ नींव की आधारशिला रखी। अल्प समय में ही केंद्रीय विद्यालय संगठन, शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्था के रूप में उभर कर सामने आया। वर्ष 1987 ई. में, जब मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शिक्षकों की वित्तीय उन्नति से संबद्ध 21-दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (इन-सर्विस पाठ्यक्रम) को अनिवार्य किया, तब केंद्रीय विद्यालय संगठन इस मॉडल को पूर्णता के साथ लागू करने वाला देश की पहली संस्था बनी। इसकी सुदृढ़ संरचना, शैक्षणिक कठोरता तथा अनुशासित क्रियान्वयन ने इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाई। कई वर्षों तक देश के विभिन्न विद्यालय प्रणालियों ने अपने शिक्षकों को 21-दिवसीय प्रशिक्षण हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन में भेजा, जिससे संगठन की व्यावसायिक उत्कृष्टता परिलक्षित हुई।

उभरती शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, 21-दिवसीय प्रारूप में समय-समय पर सुधार किए गए। वर्ष 2006 में शैक्षणिक सलाहकार समिति ने इन 21 दिनों को छोटे घटकों में विभाजित करने तथा सैद्धांतिक प्रशिक्षण को कक्षा-आधारित व्यावहारिक अभ्यासों के साथ एकीकृत करने की अनुशंसा की। इससे प्रशिक्षण अधिक लचीला बना और शिक्षकों की वास्तविक कार्यस्थलीय आवश्यकताओं के अनुरूप हो गया।

वर्ष 2009 में आगे हुए पुनर्गठन के अंतर्गत 12+10 दिवसीय प्रारूप विकसित किया गया, जिसे ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया जाता था। यह मॉडल एक दशक से अधिक समय तक प्रचलित रहा और संगठन-व्यापी बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण को सुगम व सरल बनाया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के आगमन के साथ शिक्षक-व्यावसायिक विकास की संरचना में एक बार फिर परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस हुई। इस नीति के अंतर्गत प्रत्येक शिक्षक के लिए प्रतिवर्ष 50 घंटे के सतत् व्यावसायिक विकास (CPD) को अनिवार्य किया गया। इसके परिणामस्वरूप 1980 के दशक में विकसित 21-दिवसीय मॉडल तीव्र गति से बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में कम प्रासंगिक हो गया। एन.ई.पी. (NEP) का जोर सतत्, रुचि-आधारित, तकनीक-सक्षम और वर्ष-भर चलने वाले अधिगम पर आधारित था, जिसके लिए अधिक गतिशील सतत् व्यावसायिक विकास (CPD) प्रणाली की आवश्यकता थी।

इस संदर्भ में, केंद्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 2024 में अपने प्रशिक्षण ढाँचे की व्यापक समीक्षा आरंभ की। विशेषज्ञ परामर्श एवं आंतरिक चर्चाओं में सर्वसम्मति से यह अनुशंसा की गई कि छह-वर्षीय चक्र में संचालित 21-दिवसीय मॉडल को समाप्त कर प्रतिवर्ष 50 घंटे का CPD लागू किया जाए। इससे छह वर्ष में लगभग 300 प्रशिक्षण घंटे सुनिश्चित होंगे—जो पूर्व के 126 घंटों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नति है।

यह परिवर्तन केंद्रीय विद्यालय संगठन में व्यावसायिक अधिगम की संस्कृति में एक ऐतिहासिक बदलाव का द्योतक है। केंद्रीकृत, आवधिक प्रशिक्षण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, केंद्रीय विद्यालय संगठन अब एक सतत्, विकेन्द्रित एवं बहु-माध्यमीय सतत् व्यावसायिक विकास CPD प्रणाली की ओर अग्रसर है, जो आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक प्रभावी और उत्तरदायी है।

प्रशिक्षण विभाग इस विकास प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है—संरचनाओं को सुदृढ़ करते हुए, ज़ीट एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को सहयोग प्रदान करते हुए तथा यह सुनिश्चित करते हुए कि देशभर के प्रत्येक शिक्षक को उच्च-गुणवत्ता और सार्थक व्यावसायिक विकास उपलब्ध हो।

दृष्टि एवं मिशन (Vision and Mission)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रशिक्षण का विकास – समयरेखा



एनईपी 2020 की दृष्टि का व्यावहारिक रूपांतरण

शिक्षक प्रशिक्षण उद्देश्य



NEP 2020 के अनिवार्य प्रावधान

प्रशिक्षण विभाग की संरचना एवं अधिदेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन का प्रशिक्षण विभाग, देशभर में स्थित एक हजार से अधिक केन्द्रीय विद्यालयों के लिए व्यावसायिक विकास का केंद्रीय समन्वयकारी अंग है। संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण) के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण) एवं सहायक शिक्षा अधिकारी प्रशिक्षण पहलों की योजनाबद्ध तैयारी, सुव्यवस्थित क्रियान्वयन तथा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करते हैं। यह विभाग आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान Zonal Institutes of Education and Training (ज़ीट)—जो केंद्रीय विद्यालय संगठन के विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान हैं—तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ घनिष्ठ सहयोग में कार्य करता है। ज़ीट अपने-अपने क्षेत्रीय समूहों के विद्यालयों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं, जबकि क्षेत्रीय कार्यालय विद्यालय-स्तरीय कार्यक्रमों के संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार, प्रशिक्षण विभाग एक सुदृढ़ त्रि-स्तरीय संरचना के माध्यम से संगठन के प्रत्येक शिक्षक तक अपनी पहुँच सुनिश्चित करता है।

नीतियों और रूपरेखाओं का निर्माण

- राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2020 के अनुरूप शिक्षक प्रशिक्षण हेतु।

वृहद स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना एवं उनका पर्यवेक्षण करना

- जिसमें उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम, विषय-विशेष प्रशिक्षण, नेतृत्व प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम समाहित हैं।

सतत व्यावसायिक विकास (CPD) के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना

- और सेवाकालीन प्रशिक्षण को कार्यक्रम-आधारित से प्रक्रिया-आधारित अधिगम में रूपांतरित करने का मार्ग प्रशस्त करना।

प्रशिक्षण सामग्री, प्रशिक्षण मॉड्यूल, मार्गदर्शिकाएँ तथा ई-सामग्री का निर्माण

- उत्तम गुणवत्ता की शिक्षण प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु।

प्रशिक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाना

- आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (ZIETs) से समन्वय, स्थानीय पहलों के अनुश्रवण तथा विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों में समान राष्ट्रीय दृष्टि सुनिश्चित करते हुए।

अनुसंधान, नवाचार और प्रलेखन को प्रोत्साहित करना

- शिक्षण शास्त्र और व्यावसायिक विकास की श्रेष्ठ पद्धतियों पर अनुसंधान, नवाचार और प्रलेखन को बढ़ावा देना।

अनुश्रवण, मान्यता एवं प्रमाणीकरण के लिए प्रणालियों का निर्माण

- शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के 50 घंटों की अवधि को पदोन्नति एवं वेतनवृद्धि से जोड़ने हेतु व्यवस्थाएँ विकसित करना।

अपनी नीतिगत नेतृत्व क्षमता के माध्यम से, प्रशिक्षण विभाग यह सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक विकास समयोचित, प्रासंगिक, उत्तरदायी तथा भविष्योन्मुखी बना रहे—जिससे केंद्रीय विद्यालय संगठन का प्रत्येक शिक्षक निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर हो सके और एक चिंतनशील, दक्ष एवं नवाचारी अध्यापक के रूप में विकसित हो।

केंद्रीय विद्यालय संगठन

के.वि.सं. में प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन के प्रमुख आयाम

1. बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (FLN)

- **NEP 2020 Para 2.1–2.7**
- बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में सुदृढ़ करना।
- प्रशिक्षण इन क्षेत्रों पर केंद्रित है:
  - आरंभिक साक्षरता
  - ध्वन्यात्मक जागरूकता
  - शब्दावली का विकास
  - पढ़ने और संख्यात्मक कौशल
  - अधिगम सामग्री का उपयोग
  - हर बच्चे में मूलभूत दक्षताओं को सुनिश्चित करना

2. अनुभवात्मक अधिगम हेतु शिक्षण-शास्त्रीय हस्तक्षेप

- **NEP 2020 Para 4.5 – 4.6**
- शिक्षकों को इस प्रकार सक्षम बनाना कि वे:
  - बच्चे की क्षमता के अनुरूप विकसित शिक्षण पद्धतियाँ अपनाएँ
  - हस्तगत गतिविधियों को बढ़ावा दें
  - वास्तविक जीवन परिस्थितियों को जोड़ें
  - बहु-विषयक एवं समावेशी दृष्टिकोण अपनाएँ
  - विद्यार्थियों को सीखने में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करें

3. दक्षता-आधारित अधिगम (CBL) पर आधारित मूल्यांकन

- NEP 2020 Para 4.34 & 4.35
- मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित:

  दक्षता आधारित माप
  अवधारणात्मक (conceptual) समझ
  आलोचनात्मक सोच
  अनुप्रयोग कौशल
  आधारभूत दक्षताओं का आकलन
  सीखने के परिणामों का मापन
  स्मृति पर नहीं, सीखने पर आधारित मूल्यांकन

4. समावेशी शिक्षा

- **NEP 2020 Para 6.1**
- शिक्षकों को प्रशिक्षित करना ताकि वे समावेशी कक्षाएँ बना सकें, जहाँ:
  - विविध शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को समझा जाए
  - अधिगम में भिन्नता (differentiated learning) को अपनाया जाए
  - समावेशी शिक्षण वातावरण विकसित किया जाए
  - संवेदनशीलता और बच्चों की विशेष आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाए

5. कक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रयोग

- **NEP 2020 Para 4.29**
- केवीएस प्रौद्योगिकी के एकीकरण को बढ़ावा देता है, जिसमें शामिल है:
  - डिजिटल शैक्षिक साधनों का उपयोग
  - ICT उपकरण
  - LMS, DIKSHA, MOOCs जैसे प्लेटफॉर्म
  - ऑनलाइन एवं मिश्रित (blended) अधिगम
  - इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म का उपयोग
  - डिजिटल पेडागॉजी एवं तकनीक-सक्षम अधिगम का विकास

6. विद्यार्थियों और शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण

- **NEP 2020 Para 4.29**
- कल्याण को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अंग मानना।
- प्रशिक्षण में शामिल:
  - परामर्श एवं जीवन कौशल (life skills)
  - तनाव प्रबंधन
  - सामाजिक-भावनात्मक अधिगम
  - मानसिक स्वास्थ्य समर्थन
  - शिक्षक–विद्यार्थी संबंधों को सशक्त बनाना

के.वि.सं. प्रशिक्षण व्यवस्था का समग्र अवलोकन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) ने एक सुदृढ़, बहु-स्तरीय व्यावसायिक विकास प्रणाली को स्थापित किया है ताकि प्रत्येक शिक्षक और विद्यालय नेतृत्वकर्ता को अर्थपूर्ण और सतत् प्रशिक्षण का समर्थन मिल सके। यह प्रणाली के.वि.सं (मुख्यालय), आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (ज़ीट), क्षेत्रीय कार्यालय और विद्यालयों द्वारा निभाई जाने वाली समन्वित भूमिकाओं के माध्यम से संचालित होता है। ये सभी मिलकर एक गतिशील और अंतर्संबंधित प्रणाली बनाते हैं, जो पूरे देश में शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करती है।

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, के.वि.सं. के शैक्षणिक प्रशिक्षण केन्द्रों के रूप में कार्य करते हैं, जो क्षेत्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना और संचालन के लिए उत्तरदायी हैं। ये संस्थान नवीन पद्धति नवाचार, संसाधन विकास और नेतृत्व प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में काम करते हैं। प्रत्येक ज़ीट 4–6 क्षेत्रीय कार्यालयों की देखरेख करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शिक्षकों की व्यावसायिक विकास आवश्यकताएँ प्रासंगिक और शैक्षणिक रूप से परिपूर्ण हों सके।

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, के.वि.सं. के प्रशिक्षण दृष्टिकोण को संरचित कार्यक्रमों में संचालित करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं, जो कक्षा में अभ्यास को बेहतर बनाते हैं, नेतृत्व क्षमता को सशक्त करते हैं और चिंतनपरक व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (ज़ीट) के फीडर क्षेत्र

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की विकास प्रणाली मुख्यालय, ज़ीट,क्षेत्रीय कार्यालय और विद्यालयों में जिम्मेदारियों के समन्वित विभाजन के माध्यम से संचालित होती है। प्रत्येक स्तर, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने में विशिष्ट भूमिका निभाता है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रशिक्षण नेटवर्क: मुख्यालय – क्षेत्रीय कार्यालय – विद्यालय समन्वय



डिजिटल निगरानी: समागम पोर्टल: केंद्रीय विद्यालय संगठन अपने सभी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इन-हाउस समागम पोर्टल के माध्यम से अनुगमन और निगरानी (ट्रैक और मॉनिटर) करता है, जो वास्तविक समय में रिपोर्टिंग, उपस्थिति अनुगमन (ट्रैकिंग) और प्रशिक्षण आँकड़ों (डेटा) का समेकन सुनिश्चित करता है।

ज़ीट : फीडर क्षेत्र, प्रमुख दक्षता क्षेत्र, 2025–26 के प्रमुख कार्यक्रम एवं विशिष्ट पहलें

ज़ीट	फीडर क्षेत्र	मुख्य दक्षता क्षेत्र	2025–26 के प्रमुख कार्यक्रम	विशिष्ट पहलें
भुवनेश्वर	भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोलकाता, रांची, सिलचर, तिनसुकिया	STEM, FLN, सुरक्षा एवं विधिक साक्षरता,आई.सी.टी ICT, ओलंपियाड तैयारी, विद्यार्थी सहायक सामग्री (SSM) विकास	STEM संवर्धन (भौतिकी/गणित/जीवविज्ञान), एफएलएन/FLN कार्यशालाएँ, POCSO/POSH/विद्यालय सुरक्षा, ओलंपियाड अभिज्ञान (IIT/NISER/IAPT), शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु आई सी टी प्रशिक्षण	ओलंपियाड तत्परता श्रृंखला, पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु डिजिटल प्रशिक्षण, समग्र विद्यालय सुरक्षा मॉड्यूल
चंडीगढ़	चंडीगढ़, देहरादून, दिल्ली, गुरुग्राम, जम्मू	नेतृत्व, मूल्यांकन सुधार, संगीत शिक्षा, पठन संस्कृति, विद्यार्थी सहायक सामग्री SSM विकास	प्राचार्य/उप–प्राचार्य/हेडमास्टर हेतु नेतृत्व पाठ्यक्रम, मूल्यांकन साक्षरता एवं प्रयोगशाला प्रथाएँ, स्कूल बैंड प्रशिक्षण, पठन–अनुकूल विद्यालय ढाँचा	21वीं सदी नेतृत्व कार्यक्रम, संगीत एवं बैंड प्रशिक्षण, जीवविज्ञान मूल्यांकन एवं प्रयोगशाला प्रथाएँ
ग्वालियर	आगरा, भोपाल, जबलपुर, लखनऊ, वाराणसी	वाणिज्य–अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, गणित शिक्षण–शास्त्र, विधिक साक्षरता, विद्यार्थी सहायक सामग्री SSM विकास	लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन एवं अर्थशास्त्र में विषय-संवर्धन; क्षमता-आधारित अधिगम कार्यशालाएँ; आनंददायक अधिगम; POSH/POCSO/बाल अधिकार	वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र संवर्धन श्रृंखला,सीबीएल CBL प्रयोगशाला सत्र, नेतृत्व मॉड्यूल
मुंबई	मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, पटना, रायपुर	ICT एवं डिजिटल शिक्षण–शास्त्र, ओलंपियाड तैयारी, अंतर्विषयी कला, मानसिक स्वास्थ्य, SSM विकास	भौतिकी/रसायन/गणित में विषय–संवर्धन;आई.सी.टी ICT/ई- ग्रंथालय e-Granthalaya प्रशिक्षण; समावेशी शिक्षा एवं सहायक प्रौद्योगिकी; अंतर्विषयी कला–विज्ञान	ओलंपियाड प्रशिक्षण श्रृंखला,आई.सी.टी ICT शिक्षण, ई-ग्रंथालय4.0 आधुनिकीकरण
मैसूरु	बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, एर्नाकुलम	विद्यार्थी सहायक सामग्री(SSM)विकास, एफ.एल.एन.(FLN) , अनुभवात्मक अधिगम, मूल्यांकन डिज़ाइन	बहुविषयी विद्यार्थी सहायक सामग्री SSM विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण, समावेशी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, विषय–समृद्धि कार्यक्रम	विद्यार्थी सहायक सामग्री SSM विकास कार्यशालाएँ, प्राथमिक नेतृत्व में उत्कृष्टता, उन्नत शिक्षण पद्धति कार्यक्रम

विशेष फीचर : प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह : केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रशिक्षण यात्रा का स्वाभाविक एवं अपरिहार्य विस्तार

विगत वर्षों में लगातार केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रशिक्षण प्रणाली में क्रमिक विस्तार और परिपक्वता—सुव्यवस्थित सेवाकालीन प्रशिक्षण (इन-सर्विस) पाठ्यक्रमों से मॉड्यूल आधारित प्रारुपों तथा अंततः निरंतर व्यावसायिक विकास (CPD) ढाँचे तक—ने संगठन-स्तर पर एक सुव्यवस्थित एवं सामूहिक व्यावसायिक चिंतन मंच की आवश्यकता को स्पष्ट रुप से रेखांकित किया। प्रशिक्षण पद्धतियों के इस विकासक्रम ने यह स्थापित किया कि व्यावसायिक उन्नति अब केवल समय-समय पर आयोजित होने वाली एक स्वतंत्र गतिविधि न होकर, संगठन के दैनिक कार्य प्रणाली का अभिन्न एवं निरंतर भाग बन चुका है।

नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के साथ—जो सतत् अधिगम, क्षमता-आधारित शिक्षा तथा शिक्षक स्वायत्तता पर विशेष बल देती है—केंद्रीय विद्यालय संगठन ने यह अनुभव किया कि उसकी विस्तृत प्रशिक्षण प्रणाली को एकीकृत, सुविचारित और शैक्षिक रुप से संगठित करने हेतु एक सम्मिलित मंच का निर्माण आवश्यक है।

इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह की संकल्पना की गई। यह पहल प्रकरणाधारित प्रशिक्षण से आगे बढ़कर एक ऐसी संस्कृति के उद्भव का संकेत देती है, जिसमें संपूर्ण संगठन सामूहिक व्यावसायिक उन्नति को अपना मुख्य उद्देश्य मानता है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रशिक्षण यात्रा जहाँ संरचनाओं, प्रक्रियाओं और प्रशिक्षण प्रारुपों के सुदृढ़ीकरण का इतिहास प्रस्तुत करती है, वहीं यह सप्ताह संगठन के भीतर एक व्यावसायिक दृष्टिकोण एवं नैतिकता के उद्भव का प्रतीक है।

यह सप्ताह, प्रत्येक वर्ष शिक्षकों, विद्यालय-प्रमुखों, ज़ीट (ज़ीट), क्षेत्रीय कार्यालयों तथा मुख्यालय को एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जिसमें वे अपने प्रयासों के अनुरुप, प्राथमिकताओं के पुनर्मूल्यांकन तथा समकालीन शैक्षणिक अपेक्षाओं के साथ सारगर्भित संवाद स्थापित करने का मंच प्रदान करता है।

अतएव, प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह (टी एंड डी सप्ताह) , केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रशिक्षण यात्रा का एक स्वाभाविक, क्रमिक और अपरिहार्य विस्तार है—एक सुव्यवस्थित संगठन-स्तरीय कार्यक्रम, जो शिक्षकों एवं शैक्षणिक नेतृत्व को प्रगति की समीक्षा करने, अधिगम आवश्यकताओं की पहचान करने और राष्ट्रीय शिक्षा सुधारों तथा संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरुप स्वयं को पुनर्मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। यह उस सिद्धांत का सजीव प्रतीक है कि सतत् व्यावसायिक विकास केवल नीतिगत अपेक्षा भर नहीं, अपितु एक निरंतर सीखने वाले संगठन के रुप में केंद्रीय विद्यालय संगठन की मूलभूत विशेषता है।



P1 — उद्देश्य

- **प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह की आवश्यकता : -**
  - प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह Training & Development Week का उद्देश्य के.वि.सं. में व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना है।
    - इसके प्रमुख लक्ष्य हैं:
  - गहन शैक्षणिक (पैडागॉजिकल) विशेषज्ञता का विकास करना
  - शिक्षण एवं शैक्षणिक नेतृत्व को सुदृढ़ करना
  - कक्षाओं में आत्म-परक प्रभावात्मक (रिफ्लेक्टिव) अभ्यास को बढ़ावा देना
  - नवाचार तथा उत्कृष्ट प्रथाओं के आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करना
  - विद्यालयों एवं क्षेत्रों के बीच सहयोग को मजबूत करना
  - मूल रूप से उद्देश्य सरल है: सशक्त शिक्षक ही सशक्त शिक्षार्थी तैयार करते हैं।

P2 — प्राथमिकताएँ

- •प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह किस प्रकार के. वि. सं. के नीतिगत लक्ष्यों के अनुरूप है:
- •प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति के.वि.सं. की प्रतिबद्धता को निम्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके सुदृढ़ करता है:
- •दक्षता-आधारित शिक्षण एवं अधिगम
- •डिजिटल एकीकरण एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम कक्षाएँ
- •समावेशी शिक्षा एवं सीखने में समानता
- •विद्यार्थियों का समग्र विकास
- •शिक्षक कल्याण एवं व्यावसायिक नैतिकता
- •विद्यालय उन्नयन हेतु नेतृत्व
- •ये प्राथमिकताएँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के प्रमुख सुधारों तथा भविष्य-उन्मुख विद्यालयों के लिए के.वि.सं. की दृष्टि के अनुरूप हैं।

P3 — अभ्यास

- **सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों में होता है:**
- •यह सप्ताह क्रियात्मक (एक्शन-ओरिएंटेड) होता है और विविध प्रारूपों में व्यावसायिक अधिगम को प्रदर्शित करता है:
- **•कार्यशालाएँ, प्रदर्शन तथा मॉडल पाठ**
- **•वेबिनार एवं विशेषज्ञ संवाद**
- **•अंतर-क्षेत्रीय सहयोगात्मक सत्र**
- **•सहकर्मी-अधिगम मंच एवं आत्म-परक (रिफ्लेक्टिव) समूह**
- **•विद्यालय-आधारित सतत् व्यावसायिक विकास (CPD) पहलें**
- •ये अभ्यास प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह को एक जीवंत, सम्पूर्णता आधारित अधिगम अनुभव प्रदान करते हैं।

P4 — दर्शन

- **प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह की मूल भावना**
- प्रशिक्षण एवं विकास (T&D) सप्ताह के.वि.सं. की इस मान्यता को प्रतिरूपित करता है कि—
- **•व्यावसायिक विकास सतत् प्रक्रिया है।**
- **•अधिगम सहयोगात्मक होता है।**
- **•शिक्षक ही अनुदेशनकर्त्ता (Instructional Leaders) हैं।**
- **•आत्म-चिन्तन (Reflection) सुधार को प्रेरित करता है।**
- **•उत्कृष्टता हेतु नवाचार अनिवार्य है।**

प्रशिक्षण की विरासत जिसने टी एंड डी सप्ताह को आकार दिया

वर्षवार प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में हुई वृद्धि उस सुदृढ़ व्यावसायिक विकास परंपरा को प्रतिबिंबित करती है, जिसने प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह की दृष्टि को आकार प्रदान किया। पिछले एक दशक में के.वि.सं. की प्रशिक्षण प्रणाली निरंतर विकसित शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक रूप से विस्तारित हुई है। वर्ष 2020–21 में दर्ज उल्लेखनीय वृद्धि कोविड-19 के दौरान बड़े पैमाने पर ऑनलाइन प्रशिक्षण में परिवर्तन का द्योतक है, जबकि 2024–25 में प्राप्त विशेष वृद्धि 50 घंटे की सीपीडी अनिवार्यता के क्रियान्वयन से संबंधित है, जिसने शिक्षकों को अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया। यह उर्ध्वगामी प्रवृत्ति केवल आँकड़ों में वृद्धि का संकेत नहीं देती—यह एक ऐसी सुदृढ़ होती अधिगम संस्कृति को दर्शाती है, जिसने टी एंड डी सप्ताह की नींव को सशक्त बनाया। यह सप्ताह निरंतर उन्नयन, चिंतन और सहयोग की भावना का समारोह है, जो के.वि.सं. की प्रशिक्षण यात्रा की समृद्ध विरासत पर आधारित है।



प्रशिक्षण और विकास सप्ताह की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित विषय-वस्तु केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) के वार्षिक विषयगत प्रशिक्षण आँकड़ों से उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्धारित की गई थी। एफएलएन (FLN) प्रशिक्षण में हुई तीव्र वृद्धि ने आधारभूत अधिगम को स्वाभाविक रूप से प्रमुख केंद्र बना दिया, जबकि स्टेम (STEM), दक्षता-आधारित अधिगम, डिजिटल प्रौद्योगिकी और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ती सहभागिता ने नवाचारी, प्रौद्योगिकी-सक्षम एवं शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। अनुभवात्मक अधिगम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनसीईआरटी की कला-समेकित पाठों एवं परियोजनाओं पर आधारित राष्ट्रीय प्रतियोगिता **'समृद्धि'** को भी T&D सप्ताह के एक प्रमुख घटक के रूप में सम्मिलित किया गया। नेतृत्व विकास एवं गैर-शिक्षण कार्मिकों के प्रशिक्षण में निरंतर सहभागिता ने विविध श्रेणियों को शामिल किए जाने का औचित्य और भी सुदृढ़ किया। समग्र रूप से ये प्रतियोगिताएँ वास्तविक प्रशिक्षण प्रवृत्तियों का प्रतिबिंब थीं और उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि व्यावसायिक विकास ने के.वि.सं. की कक्षाओं में किस प्रकार सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

वर्षों से के.वि.सं. समाज की बदलती आवश्यकताओं के साथ निरंतर कदम से कदम मिलाकर चलता रहा है और अनेक अवसरों पर विद्यालयी शिक्षा में राष्ट्रीय प्रवृत्तियों से भी आगे रहा है। ऐसे समय में जब अनेक शिक्षण प्रणालियाँ अभी एनईपी 2020 के निहितार्थों को समझने का प्रयास कर रही थीं, के.वि.सं. ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दक्षता-आधारित अधिगम तथा आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान को सुदृढ़ करने जैसे उभरते क्षेत्रों में सक्रिय क्षमता निर्माण आरंभ कर दिया था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि के.वि.सं. ने एनईपी की भावना को आत्मसात करते हुए प्रत्येक स्तर पर उसके कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक शिक्षक भविष्य के लिए सदैव तत्पर रहे। सुधारों की प्रतीक्षा करने के बजाय उन्हें पूर्वानुमानित करने की यह तत्परता के.वि.सं. की नवाचार, उत्कृष्टता और शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

विषयगत प्रशिक्षण		
विषय	**2023-24**	**2024-25**
बुनियादी साक्षरता संख्याज्ञान (FLN)	2463	12402
स्टेम STEM शिक्षा	157	2719
CBL – CBA (क्षमता-आधारित अधिगम एवं मूल्यांकन)	330	2846
मानसिक स्वास्थ्य	114	705
डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग	4415	3704
गैर-शिक्षण कर्मचारियों का प्रशिक्षण	4066	4502
नेतृत्व प्रशिक्षण	449	544

प्रशिक्षण एवं विकास:
प्रमुख आयोजन एवं गतिविधियाँ

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह ने के.वि.सं. भर में चिंतन, नवाचार एवं सामूहिक व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध प्रकार की प्रेरणादायक अधिगम गतिविधियों को एक मंच पर संगठित किया। रचनात्मक प्रतियोगिताओं, पाठ–योजना निर्माण पहलों, शिक्षण–अधिगम की उभरती अवधारणाओं के अन्वेषण तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वेबिनारों के माध्यम से शिक्षकों ने समकालीन शैक्षिक प्राथमिकताओं के साथ गहन सहभागिता स्थापित की। निम्नलिखित प्रमुख बिंदु उन विविध एवं समृद्ध व्यावसायिक अनुभवों को रेखांकित करते हैं, जिन्होंने इस वर्ष के प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह को विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया।

कला-एकीकृत (समृद्धि) प्रतियोगिताएँ

'समृद्धि' कला-समेकित प्रतियोगिताओं ने शिक्षकों को एक ऐसा रचनात्मक मंच प्रदान किया, जहाँ वे विभिन्न कलारूपों को शैक्षणिक विषय-वस्तुओं के साथ समेकित करते हुए शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं की पुनर्कल्पना कर सके। प्रतिभागियों ने ऐसी अधिगम अनुभूतियों का निर्माण किया, जिनमें दृश्य कला, संगीत, कथा–वाचन, नाट्य-तत्व तथा स्थानीय हस्तशिल्प को पाठ्यचर्या के उद्देश्यों के साथ सुगठित रूप से जोड़ा गया।

इस पहल ने अंतर्विषयी चिंतन को प्रोत्साहित किया और कक्षाओं में अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा दिया। शिक्षकों ने नवाचारी पाठ–योजनाएँ प्रस्तुत कीं, जिनके माध्यम से अमूर्त अवधारणाएँ अधिक सुलभ, मूर्त एवं सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक बन सकीं। इन प्रतियोगिताओं ने यह भी रेखांकित किया कि रचनात्मकता विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता तथा अवधारणात्मक स्पष्टता को सुदृढ़ करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

समग्रतः, समृद्धि ने यह स्मरण दिलाया कि शिक्षा तभी सार्थक बनती है जब ज्ञान अभिव्यक्ति, कल्पनाशीलता और सांस्कृतिक संदर्भों से जुड़कर सीखने की जीवंत प्रक्रिया में परिवर्तित होता है।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान पाठ प्रस्तुति

कला-समेकित पाठ प्रस्तुति

नवाचारी पाठ प्रस्तुति

शिक्षा में कला कौशल: समृद्धि की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का उत्सव

जीट , भुवनेश्वर

सुश्री रमिता गांगुली, प्र.स्ना. शि अंग्रेज़ी एवं श्री सौमेंद्र सरकार, प्र.स्ना. शि. कला शिक्षा

जीट, चंडीगढ़

डॉ. सैय्यदा ऐमन हाशमी, स्ना. शि. अंग्रेज़ी एवं सुश्री सोनम सिंह, प्र.स्ना. शि. कला शिक्षा

जीट, ग्वालियर

श्री अश्विनी कुमार, स्ना . शि. अंग्रेज़ी एवं श्रीमती साधना सिंह, प्र.स्ना. शि. कला शिक्षा

जीट, मुंबई

सुश्री शीबा के.एम. , स्ना. शि. जीवविज्ञान एवं सुश्री मृदुला नागदा, प्रा.शि. संगीत

जीट, मैसूर

सुश्री दीप्ति प्रदीप तिवारी, प्र.स्ना. शि. गणित

आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान पाठ-योजना

आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान (FLN) पाठ-योजना पहल का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण हेतु शिक्षकों की क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। शिक्षकों ने पठन प्रवाह, पठन-बोध, संख्या-बोध तथा समस्या-समाधान कौशल में सुधार लाने के लिए संरचित पाठ-डिज़ाइन विकसित किए। इस गतिविधि में आयु-उपयुक्त शिक्षण पद्धतियों, शिक्षार्थियों की विविधता तथा परिणाम-आधारित योजना-निर्माण पर विशेष बल दिया गया। शिक्षकों ने कहानी-कथन, ध्वन्यात्मक जागरूकता तकनीकों, अंत:क्रियात्मक गतिविधियों तथा निरंतर एवं निर्माणात्मक आकलन उपकरणों जैसी नवाचारी पद्धतियों का प्रयोग किया। इस पहल ने आधारभूत अधिगम के लिए राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने को प्रोत्साहित किया, साथ ही आत्ममंथन-आधारित शिक्षण पद्धतियों को भी बढ़ावा दिया। सहकर्मी सहभागिता एवं मूल्यांकन के माध्यम से शिक्षकों ने ऐसी प्रभावी FLN पाठ-योजनाएँ तैयार करने की व्यावहारिक समझ विकसित की, जो अधिगम-अंतरालों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावकारी ढंग से अभिव्यक्त करती हैं।

आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान पाठ-योजना प्रतियोगिता के विजेता

जीट, भुवनेश्वर	जीट, चंडीगढ़	जीट, ग्वालियर	जीट, मुंबई	जीट, मैसूरु
				
सुश्री नम्रता मिश्रा, प्रा. शि.	सुश्री मनीषा, प्रा. शि.	सुश्री सिमरन जुनेजा, प्रा. शि.	सुश्री सरिता प्रा. शि.	सुश्री श्रीकला जी, प्रा. शि. सुश्री श्रद्धा शुक्ला, प्रा. शि. सुश्री स्वाति राय, प्रा. शि.

समावेशी पाठ-योजना

समावेशी पाठ-योजना गतिविधि का उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे अधिगम परिवेश तैयार करने के लिए सशक्त बनाना था, जो विभिन्न प्रकार के शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को समाहित कर सकें। शिक्षकों ने ऐसी पाठ-योजनाओं की संकल्पना की, जो कक्षा में विद्यार्थियों की भिन्न-भिन्न क्षमताओं, सीखने की शैलियों तथा सामाजिक-भावनात्मक आवश्यकताओं को संबोधित करती हैं। इस गतिविधि में सार्वभौमिक अधिगम डिज़ाइन, विभेदित शिक्षण तथा सुगठित पद्धतियों पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रदर्शित किया कि किस प्रकार लचीली शिक्षण विधियों और सहभागिता के अनेक माध्यमों के द्वारा पाठ्यचर्या के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। यह गतिविधि शिक्षकों को शिक्षा में समानता और सहानुभूति के महत्व के प्रति भी संवेदनशील बनाती है। समावेशी शिक्षण विधियों और कक्षा अभ्यासों से यह पहल ऐसी सोच को विकसित करती है, जो विविधता का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक शिक्षार्थी को सार्थक शैक्षिक अवसर प्राप्त हों।

समावेशी पाठ-योजना के विजेता

जीट भुवनेश्वर
सुश्री सोनाली डे, प्रा. शि.

जीट चंडीगढ़
श्री राजेश वशिष्ठ, प्र.स्ना.शि. अंग्रेज़ी

जीट ग्वालियर
सुश्री कोमल, प्रा. शि.

जीट मुंबई
सुश्री प्रियांका नयानी, प्रा. शि.

जीट मैसूरु
सुश्री स्मिता,एच. एम
श्री भुवनेश, प्रा. शि.
सुश्री प्रगति प्रजापति, प्रा. शि.
सुश्री वैशाली सोनी, प्र.स्ना.शि.

नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियाँ

नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों पर आधारित सत्रों ने शिक्षकों को पारंपरिक तरीकों से हटकर आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य केंद्रबिंदु में अनुभवात्मक शिक्षण, परियोजना-आधारित शिक्षण, खोज-प्रधान शिक्षण और मिश्रित शिक्षण मॉडल शामिल थे। शिक्षकों ने रचनात्मक कक्षा अभ्यास प्रस्तुत किए जिन्होंने छात्रों में आलोचनात्मक सोच, सहयोग और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा दिया। शिक्षण को विद्यार्थियों की संज्ञानात्मक और भावनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने पर जोर दिया गया, साथ ही जिज्ञासा और स्वतंत्र सीखने को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इन बातचीतों के माध्यम से शिक्षकों को व्यावहारिक विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला, जो सीधे कक्षाओं में लागू किए जा सकते हैं। इस पहल ने प्रयोग और चिंतन की संस्कृति को प्रोत्साहित किया, यह विश्वास मजबूत किया कि शिक्षण में नवाचार भविष्य के तैयार शिक्षार्थियों के विकास के लिए आवश्यक है।

नवोन्मेषी पाठ योजना के विजेता

जीट भुवनेश्वर	जीट चंडीगढ़	जीट ग्वालियर	जीट मुंबई	जीट मैसूरु
श्री तरुण कुमार दास, प्रा.शि.	सुश्री भावना शर्मा, प्रा.शि.	श्री अंकित राजपूत, प्रा.शि. (संगीत)	सुश्री सोनाली राणा, प्रा.शि.	सुश्री सी. शेषा कुमारी, प्रा.शि. श्री नीरज यादव, प्रा.शि. सुश्री मधु, प्रा.शि.

वेबिनार

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह के दौरान, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के वेबिनारों की श्रृंखला ने शिक्षकों के पेशेवर दृष्टिकोण को समृद्ध किया। 9 अक्टूबर 2025 को आयोजित "जादुई पिटारा" वेबिनार ने शिक्षकों को गतिविधि-आधारित प्रारंभिक शिक्षण संसाधनों से परिचित कराया, जो कक्षाओं को आनंददायक और रुचिकर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 10 अक्टूबर 2025 को "ICT एकीकरण" सत्र ने शिक्षण, मूल्यांकन और विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला। 11 अक्टूबर 2025 को आयोजित "एक्शन रिसर्च" वेबिनार ने शिक्षकों को कक्षा की चुनौतियों की पहचान करने और अनुसंधान-आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से व्यवस्थित रूप से शिक्षण प्रथाओं में सुधार करने का मार्गदर्शन दिया। इन सत्रों ने मिलकर शिक्षण दक्षता और चिंतनशील शिक्षण को मजबूत किया।

जादुई पिटारा पर वेबिनार

शिक्षण में टेक्नो-पेडागॉजी एकीकरण पर वेबिनार

एक्शन रिसर्च पर वेबिनार

ज़ीट निदेशकों की अभिव्यक्तियाँ

सप्ताह भर, हमारे फ़ीडर क्षेत्रों के शिक्षकों ने समृद्धि के तहत कला और प्रौद्योगिकी-समेकित परियोजनाएँ, एफ.एल.एन. और नवोन्मेषी पाठ योजनाएँ, समावेशी शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रस्तुतियाँ, विशिष्ट शिक्षाविदों के साथ संवाद और एन.सी.आर.टी वेबिनारों में भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य शिक्षण विधियों को उन्नत करना, नवोन्मेषी तकनीकों को अपनाना और कक्षा सहभागिता को बढ़ाना था।

डॉ. अनुराग यादव
निदेशक
जीट, के.वि.सं., भुवनेश्वर

सप्ताह की एक विशेष झलक एन.सी.आर.टी. के समृद्धि कार्यक्रम के तहत कला-समेकित प्रस्तुतियाँ थीं, जिन्होंने रचनात्मकता और शिक्षण पद्धति का मिश्रण कर उत्सव को और समृद्ध बनाया। इन प्रस्तुतियों ने दिखाया कि कला कैसे भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सांस्कृतिक जागरूकता और अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने का शक्तिशाली माध्यम बन सकती है। शिक्षण में कलात्मक अभिव्यक्ति को शामिल करके, हमारे शिक्षक संपूर्ण दृष्टिकोण की क्षमता प्रस्तुत करते हैं जो बौद्धिकता और कल्पना दोनों का पोषण करता है।

श्रुति भार्गव
निदेशक
जीट, के.वि.सं., चंडीगढ़

इस प्रशिक्षण और विकास सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएँ, चर्चाएँ और प्रस्तुतियाँ उत्साह, सहभागिता और नवाचार का उत्कृष्ट मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। प्रत्येक प्रतिभागी ने न केवल अपने विचार साझा किए बल्कि दूसरों के अनुभवों से सीखने की असाधारण क्षमता भी दिखाई। हमारे प्रशिक्षक और प्रतिभागी दोनों ही इस प्रशिक्षण और विकास सप्ताह के सच्चे नायक साबित हुए। उन्होंने यह दिखाया कि "सीखना एक यात्रा है, जो तभी पूरी होती है जब हम साथ-साथ आगे बढ़ें और दूसरों को भी साथ ले जाएँ।"

बी.एल. मारोडिया
निदेशक
जीट, के.वि.सं., ग्वालियर

इस कार्यक्रम ने शिक्षकों में नवाचार, सहयोग और समावेशिता की संस्कृति को सफलतापूर्वक सुदृढ़ किया। इसने केवल रचनात्मक उत्कृष्टता का समारोह नहीं मनाया, बल्कि प्रतिभागियों को चिंतनशील शिक्षकों और परिवर्तनकारी शिक्षण पद्धति के प्रवर्तकों के रूप में विकसित होते रहने के लिए प्रेरित किया। इन तीन दिनों के दौरान प्राप्त अनुभव और शिक्षाएँ निश्चय ही कक्षा-कक्ष शिक्षण को समृद्ध करने, छात्र सीखने के प्रतिफल प्राप्त करने और केन्द्रीय विद्यालय संगठन में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साझा मिशन को आगे बढ़ाने में योगदान देंगी।

बी.के. बेहरा
निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
जीट, के.वि.सं., मुंबई

सप्ताह भर, बेंगलुरु, चेन्नई, एर्नाकुलम और हैदराबाद के शिक्षकों ने एक मंच पर साथ आकर अपने कार्यों को साझा किया। सहयोगात्मक और समावेशी शिक्षा, बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान, अनुभवात्मक शिक्षण, कला समेकित शिक्षण और सतत् अधिगम पद्धतियों, विविध शिक्षण क्षेत्रों में सर्वोत्तम तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया । यह सप्ताह-भर का उत्सव केवल रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि इसका उद्देश्य हमारे साझा मिशन की पुष्टि भी करता है—हर बच्चे के लिए सीखने को समान, आनंददायक और अर्थपूर्ण बनाता है। `

मीनाक्षी जैन
निदेशक
जीट, के.वि.सं., मैसूरु

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह: शिक्षकों की प्रतिपुष्टि

मुझे चेन्नई क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय संगठन का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ मैंने अपने विद्यालय की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया। जीट स्तर पर साझा मंच पर प्रस्तुति देते हुए, मुझे फ़ीडर क्षेत्रों में लागू सर्वोत्तम प्रथाओं को भी देखने का अवसर मिला। इस अनुभव ने महत्वपूर्ण संवर्धन प्रदान किया, मेरी समझ को विस्तृत किया और विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी प्रथाओं से सीखने में मदद की। इसने मुझे नए दृष्टिकोण दिए जिन्हें मैं अपने विद्यालय में अपनाकर लागू कर सकती हूँ।

– सुश्री अमुथा जे.
प्रधानाचार्या, पीएम श्री के.वि. नं. 2, मदुरै

